# शुभम संदेश


एक राज्य - एक अखबार



रांची, बुधवार 27 अगस्त 2025 ● भाद्रपद शुक्ल पक्ष 04, संवत 2082 ● रांची एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 140 ● मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12


## ब्रीफ न्यूज

### चलती मालगाड़ी से पहिया हुआ अलग टल गया बड़ा हादसा



**गिरिडीह।** गिरिडीह में मंगलवार को उस वक्त बड़ा हड़कंप मच गया. जब सीसीएल गिरिडीह एरिया के सीपी साइडिंग से कोयला लादकर उतर प्रदेश के प्रयागराज जा रही मालगाड़ी के एक वैगन का चक्का खुलकर अलग हो गया. बताया जा रहा है कि यह घटना गिरिडीह रेलवे स्टेशन से सीसीएल सीपी साइडिंग जाने वाली ट्रैक पर धनबाद ब्रिज के पास हुई है. घटना सुबह करीब 11:40 बजे सुबह की बताई जा रही है. घटना की सुचना तत्काल प्रशासन को दी गई, जिसके बाद ही सीसीएल के साथ रेलवे की टीम भी मौके पर पहुंच गई. टीम के पहुंचते ही मरम्मत का काम शुरू कर दिया गया. वहीं घटना की जानकारी सीसीएल कर्मियों ने जीएम गिरीश कुमार राठौर, पीओ जीएस मीणा तथा प्रबंधक राजवर्धन कुमार को दी.

### घायल जवान की रिम्स में इलाज के दौरान मौत

**रांची/मेदिनीनगर।** सड़क हादसे में घायल पुलिस जवान का रिम्स में इलाज के दौरान निधन हो गया. अजय कुमार पांडेय 2012 बैच के कांस्टेबल थे और पलामू एसपी कार्यालय के डीसीबी (डिस्ट्रिक्ट क्राइम ब्रांच) शाखा में तैनात थे. कुछ दिन पहले वे अपने पैतृक गांव चैनपुर थाना क्षेत्र के तलेया से लौट रहे थे, तभी सड़क हादसे में घायल हो गए. उनके सिर पर गंभीर चोटें आईं थी. घायल अवस्था में उन्हें पहले मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एमएमसीएच) में भर्ती कराया गया था. लेकिन हालत बिगड़ने पर अजय कुमार पांडेय को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया था. जहां सोमवार को इलाज के दौरान ही उनकी मौत हो गई. सोमवार को रिम्स में उनके शव का पोस्टमार्टम किया गया और मंगलवार को उनके पार्थिव शरीर को पलामू लाया गया.

### गिरिडीह में पति ने पत्नी का गला रेता

**गिरिडीह।** जिले में एक युवक ने अपनी पत्नी का गला रेत डाला. महिला की मौत हो गई.मामला मुफ्फसिल थाना इलाके के जोगीटांड 7 नंबर का है. पत्नी पर हमला करने के बाद फरार हुए पति को मुफ्फसिल थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. मृतक महिला की पहचान कंचन देवी और आरोपी पति की पहचान गोपी दास के रूप में हुई है. मृतक महिला की सास ने बताया कि घरेलू विवाद में उसकी बहू कंचन अपने बच्चों के साथ घर से निकल गई थी. सोमवार को थाना में कंचन को लाया गया फिर वह गोपी के साथ थाना गई और फैसला करने के बाद बहू व बेटे को लेकर वापस घर लौट रही थी. वह आगे-आगे थी. जबकि बहू और बेटा पीछे-पीछे थे. इस बीच पता चला कि बेटे ने उसकी बहू का गला रेत दिया गया है.

## देवघर की श्वेता शर्मा राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए चयनित

# शिक्षक दिवस पर राष्ट्रपति करेंगी सम्मानित

**शुभम संदेश।देवघर**

देवघर की शिक्षिका श्वेता शर्मा राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2025 के लिए चयनित हुई हैं. देशभर से 45 शिक्षकों का चयन किया गया है जिसमे झारखंड से एकमात्र शिक्षक का चयन राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए हुआ है. नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में पांच सिंतबर को राष्ट्रपति 45 शिक्षकों को सम्मानित करेंगी. श्वेता शर्मा वर्तमान में विवेकानंद मध्य विद्यालय, देवघर की शिक्षिका हैं. श्वेता शर्मा को पढ़ाई और बच्चों से बहुत लगाव है. श्वेता बताती हैं कि राष्ट्रीय स्तर के चयन के लिए ज्यूरी के समक्ष सात मिनट में अपनी बात रखनी थी. ज्यूरी ने उनसे कहा कि प्राइमरी टीचर खासकर पहली और दूसरी कक्षा के शिक्षक के प्रति धारणा अलग होती है. लेकिन आपने खुद को अपग्रेड और अपडेट किया. भारत सरकार के गाइड लाइन के मुताबिक बच्चों को खेल-खेल में पढ़ाया. साथ ही दूसरे स्कूल के शिक्षकों को भी अपने अनुभव से अपडेट और अपग्रेड करने की कोशिश किया. श्वेता ने कहा कि उनके चयन का यही सबसे बड़ा आधार रहा है.

श्वेता बीएससी बीएड हैं. इग्नू से अंग्रेजी भाषा में एमए किया है. पिछले




21 वर्षों से सरकारी शिक्षिका के रूप में कार्यरत हैं. वर्ष 2017 में जिला स्तरीय श्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार, 2018 में राज्य स्तर पर सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार और 2021 में राष्ट्रीय आईसीटी अवार्ड से सम्मानित हो चुकी हैं. राज्यस्तरीय सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी समूह एवं दीक्षा पोर्टल पर कंटेंट क्रिएटर और एनिमेटर हैं. अभी तक दीक्षा एप के लिए 50 से अधिक एवं डिजिस्कूल के लिए 75 से अधिक ई-कंटेंट का निर्माण कर चुकी हैं.

### पहले भी हो चुकी हैं सम्मानित

वर्ष 2017 में जिला स्तरीय श्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार, 2018 में राज्य स्तर पर सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार और 2021 में राष्ट्रीय आईसीटी अवार्ड से श्वेता शर्मा सम्मानित हो चुकी हैं. राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए चयनित होने पर श्वेता शर्मा को बधाई देने वालों का तांता लगा है. श्वेता शर्मा को पढ़ाई और बच्चों से बहुत लगाव है. वह बताती हैं कि राष्ट्रीय स्तर के चयन के लिए ज्यूरी के समक्ष सात मिनट में अपनी बात रखनी थी. भारत सरकार ने 2023 में जादुई पिटारा लांच किया. उसमें 52 आइटम थे. सभी राज्यों को कहा गया था कि वह अपने स्टेट के अनुसार पिटारा को तैयार करें. बस क्या था श्वेता ने अभिभावक, जन सहयोग और कुछ अपने वेतन की राशि खर्च कर पिटारा बनाया और उसका नाम दिया अबुआ जादुई पिटारा. इसमें सोहराय, बैद्यनाथ पेंटिंग, कपड़ा का पुतला, झांझर, डफली जैसे पांच वाद्य यंत्र को रखा. अब इससे बच्चों को पढ़ाने लगी. ना सिर्फ अपने स्कूल के बच्चों को पढ़ाने लगी बल्कि स्टेट ट्रेनर होने के नाते राज्य के शिक्षकों को अपने पिटारा से अवगत कराने लगी.

# जमशेदपुर के आतंकी अर्शियान के खिलाफ इंटरपोल ने जारी किया रेड कॉर्नर नोटिस

**शुभम संदेश।जमशेदपुर/रांची**

झारखंड के पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) स्थित मानगो इलाके का रहने वाला सैयद मोहम्मद अर्शियान उर्फ हैदर अब अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियों की नजर में सबसे खतरनाक आतंकियों में शामिल हो चुका है. उसके खिलाफ इंटरपोल ने रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया है.

यह कार्रवाई भारत की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के आग्रह पर की गई है. अर्शियान पर इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस ) के लिए आत्मघाती ड्रोन और छोटी दूरी की मिसाइलों को डिजाइन करने का गंभीर आरोप है. ऐसा माना जा रहा है कि उसने आतंकवाद के क्षेत्र में तकनीकी हस्तक्षेप कर हथियारों की संरचना में बड़ा बदलाव किया है, जिससे आतंकी संगठनों की मारक क्षमता कहीं ज्यादा बढ़ गई है.

करीब 40 वर्षीय अर्शियान 2017 से तुर्की में रह रहा है. उसके अतीत की परतें जब खुलीं, तो यह सामने आया कि उसने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) से इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है. 2005 में वह बेंगलुरु गया और कुछ समय



के लिए एक मदरसे में भी पढ़ाई की, लेकिन उस समय उसके चरमपंथी गतिविधियों से जुड़ाव का कोई प्रमाण नहीं मिला.

2008 में अर्शियान सऊदी अरब के दम्मम पहुंचा, जहां उसे एक सॉफ्टवेयर डेवलपर की नौकरी मिली. वहीं उसकी मुलाकात चेचन मूल की बेल्जियम नागरिक अलीना हैदर से हुई, जिससे उसने विवाह किया और उनकी एक बेटी भी है. लेकिन इसी दौरान उसका घर कथित रूप से भारत से जुड़े जिहाद समर्थकों का अड्डा बन गया.

2012 से 2015 के बीच अर्शियान ने दम्मम में कई बैठकें कीं, जिनमें लश्कर-ए-तैयबा के लिए भारतीय युवाओं की भर्ती की रणनीति बनाई गई. रिपोर्ट्स के अनुसार, वह मौलवी अब्दुल रहमान अली खान के संपर्क में आया, जो ओडिशा सैन्य पुलिस के एक पूर्व अधिकारी का पुत्र था. 2015 में अर्शियान ने अब्दुल रहमान को पाकिस्तान भेजने के लिए यूएई के रास्ते वित्तीय सहायता भी दी, जहां उसकी लश्कर के वरिष्ठ कमांडरों से मुलाकात हुई.

अर्शियान को अल-कायदा के लिए भी भारत से संभावित भर्ती की जिम्मेदारी दी गई थी. 2017 में उसके भाई सैयद मोहम्मद जीशान अली हैदर को सऊदी अरब से प्रत्यर्पित कर भारत लाया गया और दिल्ली में गिरफ्तार किया गया. अब जबकि इंटरपोल ने अर्शियान के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी कर दिया है, उसकी गिरफ्तारी और भारत प्रत्यर्पण की प्रक्रिया को गति मिल सकती है. यह कदम वैश्विक स्तर पर आतंकवाद से लड़ाई के प्रयासों में एक निर्णायक पहल माना जा रहा है. रेड कॉर्नर नोटिस वास्तव में एक अंतरराष्ट्रीय स्तर की चेतावनी होती है, जो किसी आरोपित के देश से फरार होने के बाद दूसरे देशों की एजेंसियों को उसके खिलाफ सतर्क करती है. हालांकि, यह सीधे तौर पर गिरफ्तारी वारंट नहीं होता, लेकिन इससे आरोपित को अस्थायी तौर पर गिरफ्तार करने और प्रत्यर्पण की राह सुगम हो जाती है.

## हजारीबाग का हाल : जान जोखिम में डाल नदी पार करते हैं लोग

# विकास के दौर में भी अब तक नहीं बन सका पुल

**शुभम संदेश।हजारीबाग**

21वीं सदी में जहां विकास और स्मार्ट सिटी की बातें हो रही हैं वहीं झारखंड के हजारीबाग जिले से एक बेहद मार्मिक तस्वीर सामने आई है. जहां आज भी लोग जनाज़ा दफनाने के लिए नदी पार करने को मजबूर हैं. पुल न होने की वजह से ग्रामीण अपने कंधों पर शव उठाकर पानी से होकर नदी पार करते हैं.

हजारीबाग जिले के बड़कागांव प्रखंड के सिरमा पंचायत की ये तस्वीर दिल दहला देने वाली है. यहां के कब्रिस्तान नदी के उस पार है. लिहाजा, जनाज़ा दफनाने के लिए ग्रामीणों को हर बार नदी पार करनी पड़ती है. बरसात के दिनों में ये समस्या भी विकराल हो जाती है. तेज



बहाव और फिसलन भरे रास्ते हादसों को दावत देते हैं. कई बार लोग बाल-बाल बचे हैं.

ग्रामीण बताते हैं कि पंचायत से लेकर प्रखंड और जिला प्रशासन तक कई बार गुहार लगाई गई. लेकिन आज तक समस्या जस की तस है. लोग कई बार मांग कर चुके हैं लकिन पुल नहीं बनने से हमें नदी पार कर शव दफनाना पड़ता है. बरसात में बहुत खतरनाक हो जाता है. एक ओर सरकार विकास और सुगम परिवहन की योजनाओं का दावा करती है वहीं दूसरी ओर सिरमा पंचायत के लोग आज भी शव को नदी पार कर दफनाने को मजबूर हैं. सवाल यह है कि आखिर कब तक ग्रामीण ऐसे ही जान जोखिम में डालकर अपने प्रियजनों का अंतिम संस्कार करने पर विवश रहेंगे?

# झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग के नए अध्यक्ष बने नवनीत कुमार, राज्यपाल गंगवार ने दिलाई शपथ

**रांची।** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मंगलवार को राज भवन के दरबार हॉल में आयोजित विशेष समारोह में झारखंड उच्च न्यायालय के सेवानिवृत न्यायाधीश नवनीत कुमार को झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई. इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन भी उपस्थित थे. शपथ ग्रहण के बाद राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने नवनीत कुमार को इस नई जिम्मेदारी के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं.



## घाटशिला में उपचुनाव की तैयारी शुरू

# 29 सितंबर को होगा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

**शुभम संदेश।रांची**

झारखंड के शिक्षा मंत्री और घाटशिला के विधायक रामदास सोरेन के निधन के बाद खाली हुई घाटशिला विधानसभा सीट पर उपचुनाव कराने की तैयारी शुरू हो गई है. निर्वाचन आयोग ने इस सीट पर जल्द ही उपचुनाव कराने की दिशा में कदम उठाते हुए मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का निर्देश दिया है. संवैधानिक व्यवस्था के अनुसार, किसी भी सीट के रिक्त होने के 6 महीने के भीतर उपचुनाव कराना अनिवार्य है. रामदास सोरेन का निधन 15 अगस्त को दिल्ली में इलाज के दौरान हुआ था, जिसके बाद यह सीट खाली हो गई थी. ऐसे में संभावना है कि बिहार विधानसभा चुनाव के साथ ही घाटशिला सीट पर भी उपचुनाव की घोषणा हो सकती है. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के अनुसार, यह पुनरीक्षण कार्यक्रम 1 जुलाई, 2025 की अर्हता तिथि के आधार पर किया जाएगा. इस तिथि तक 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के सभी पात्र भारतीय नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वा सकते हैं. वहीं 28 अगस्त तक उन मतदान केंद्रों का पुनर्गठन किया जाएगा, जहां मतदाताओं की संख्या 1200 से अधिक है, ताकि मतदान प्रक्रिया को सुगम बनाया जा सके.

# विधायक सरयू राय के समर्थकों ने पूर्णिमा साहू के प्रतिनिधि के दावों को बताया भ्रामक

**शुभम संदेश।जमशेदपुर**

पेयजल आपूर्ति को लेकर सियासी माहौल गर्म हो गया है. सोमवार को विधायक पूर्णिमा साहू के प्रतिनिधि गुंजन यादव ने दावा किया था कि उनके प्रयासों से नामदा बस्ती, नानक नगर और महानंद बस्ती में स्वच्छ पेयजल कनेक्शन मिल रहा है. इसके जवाब में जनता दल (यूनाइटेड) के पूर्वी सिंहभूम जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव ने मंगलवार को बयान जारी कर कहा है कि यह दावा पूरी तरह भ्रामक है और जनता को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है.

श्रीवास्तव ने स्पष्ट किया कि इन इलाकों में वर्षों से टाटा स्टील यूआईएसएल द्वारा जलापूर्ति की जा



रही है, जो पूर्व विधायक सरयू राय के प्रयासों का परिणाम है. सरयू राय के विधायक रहते हुए यह सुनिश्चित कराया गया था कि जब तक विधिवत पेयजल कनेक्शन नहीं मिलते, तब तक पानी की आपूर्ति बनी रहे. उन्होंने कहा कि अब जब इन बस्तियों में विधिवत कनेक्शन देने की प्रक्रिया शुरू हुई है, तो कुछ लोग राजनीतिक श्रेय लेने की होड़ में झूठा प्रचार कर रहे हैं. उन्होंने बताया कि एक सप्ताह पूर्व जब नामदा बस्ती के कुछ घरों का जल कनेक्शन काटा गया, तब जदयू नेताओं की सूचना पर सरयू राय ने हस्तक्षेप कर उसे फिर से बहाल कराया. इसके साथ ही टीएसयूआईएल को निर्देश दिया गया कि कनेक्शन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया जाए. श्रीवास्तव ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ लाभुकों को 15-20 हजार रुपये का प्राक्कलन दिया जा रहा है, जबकि सात हजार रुपये से अधिक नहीं देना चाहिए. सुबोध श्रीवास्तव ने कहा कि जदयू कार्यकर्ता गरीबों तक फॉर्म पहुंचाकर कनेक्शन प्रक्रिया में उनकी मदद करेंगे. उन्होंने दोहराया कि यह सुविधा किसी नए नेता की देन नहीं, बल्कि सरयू राय की दूरदर्शिता का परिणाम है.

# रांची से अब भुवनेश्वर, विशाखापत्तनम, इंदौर, गुवाहाटी और त्रिवेंद्रम के लिए फ्लाइट

**शुभम संदेश।रांची**

एयर इंडिया एक्सप्रेस ने रांची से अपनी विमान सेवा का विस्तार करते हुए यात्रियों के लिए एक और राहत की खबर दी है. अब रांची एयरपोर्ट से भुवनेश्वर, विशाखापत्तनम, इंदौर, गुवाहाटी और त्रिवेंद्रम जैसे शहरों के लिए हवाई सेवा शुरू होने जा रही है. यह ट्रांजिट एयर सेवा 1 सितंबर से शुरू होगी। एयरपोर्ट निदेशक आर.आर. मौर्या ने बताया कि रांची से उड़ान भरने वाले विमान विभिन्न बड़े शहरों के माध्यम से इन गंतव्यों तक पहुंचेंगे. जैसे भुवनेश्वर के लिए विमान मुंबई होकर जाएगा, इंदौर के लिए विमान दिल्ली से होकर, गुवाहाटी और त्रिवेंद्रम के लिए उड़ानें बेंगलुरू के रास्ते जाएंगी. इसके साथ ही, इन रूट्स पर विमानों के



शेड्यूल में भी थोड़ा बदलाव किया गया है, जिससे यात्रियों को और बेहतर कनेक्टिविटी मिल सकेगी.

**सितंबर में शुरू हो सकती है रांची से गोवा की फ्लाइट:** एयर इंडिया एक्सप्रेस के सूत्रों के मुताबिक, रांची से गोवा के लिए उड़ान सेवा की तैयारी अंतिम चरण में है. बीते 15 दिनों से इसका ट्रायल चल रहा है, लेकिन कुछ तकनीकी कारणों से यह सेवा 1 सितंबर से शुरू नहीं की जा सकेगी. हालांकि, सितंबर माह के भीतर सेवा शुरू होने की पूरी संभावना है. यह विमान भी मुंबई होकर गोवा जाएगा.

## प्रमुख प्रबंधन संस्थान एक्सएलआरआई में वार्षिक फ्लैगशिप सीएचआरओ कॉन्क्लेव "क्रोनॉस 2025" का आयोजन

# एआई कभी भी एचआर प्रोफेशनल को प्रतिस्थापित नहीं कर सकता

**शुभम संदेश।जमशेदपुर**

मंगलवार को देश के प्रमुख प्रबंधन संस्थान एक्सएलआरआई में वार्षिक फ्लैगशिप सीएचआरओ कॉन्क्लेव "क्रोनॉस 2025" का आयोजन किया गया. पीजीडीएम (जीएम) बैच 2025–26की ओर से आयोजित इस वर्ष का विषय था. रीमेजिनिंग वर्क, वर्कफोर्स एंड वर्कप्लेस : द सीएचआरओ प्लेबुक फॉर 2030. इसमें भारत के अग्रणी एचआर नेताओं ने हिस्सा लिया और भविष्य के कार्य, कार्यबल और कार्यस्थल की चुनौतियों एवं अवसरों पर चर्चा की.

उद्घाटन के अवसर पर एक्सएलआरआई के निदेशक फादर जॉर्ज सेबेस्टियन, एस.जे., डीन (अकादमिक) डॉ. संजय पात्रो और



एसोसिएट डीन (एग्जीक्यूटिव प्रोग्राम्स) डॉ. पूर्ण चंद्र पाधन ने विचार रखे. इस दौरान फादर सेबेस्टियन ने अपने संबोधन में कहा, "एचआर प्रोफेशनल्स को कभी भी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रतिस्थापित नहीं कर सकता. एचआर मूलतः मानवीय ज्ञान पर आधारित है और किसी भी संगठन की धड़कन है". डॉ. पात्रो ने कार्यस्थल के विकासशील स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए कहा कि "एचआर नेताओं को उद्देश्यपूर्ण जॉब डिजाइन और साझा प्रयोगों को बढ़ावा देना होगा. वहीं डॉ. पाधन ने कॉन्क्लेव को "शिक्षा जगत और उद्योग के बीच एक सशक्त सेतु" बताया. कार्यक्रम का समापन डॉ. कनगराज अय्यलुसामी और रजनी रंजन के मार्गदर्शन में धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ. इस दौरान आयोजन समिति के छात्रों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया. क्रोनॉस 2025 ने एक बार फिर यह साबित किया कि एक्सएलआरआई न केवल भारत, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी कार्य और संगठनों के भविष्य को दिशा देने वाला अग्रणी संस्थान है.

### कॉनक्लेव में हुए पैनल डिस्कशन में मुख्य रूप से यह बात निकल कर सामने आई

- **पहला पैनल** : वर्कफोर्स रेज़िलिएंस : ट्रांस्सियन इंडिया के सीएचआरओ शलीन मानिक ने कहा कि "परफॉर्मेंस के साथ पिवट करना और टैलेंट मोबिलिटी अब ज़रूरी हो गया है. बीसीजी की सोनलिका यादव ने जोड़ा कि "डिसरप्शन के दौर में धैर्य, भरोसा और एगिलिटी सबसे बड़े स्तंभ हैं.
- **दूसरा पैनल** : सीएचआरओ की बदलती भूमिका : वेदांता पावर की सीएचआरओ अभिलाषा मलवीया ने कहा कि "आधुनिक करियर का सार पुनराविष्कार और जुड़ाव में है. वहीं वेक्टर कंसल्टिंग ग्रुप के सीएचआरओ सायन चक्रवर्ती ने रेखांकित किया कि "संस्कृति के केंद्र में हमेशा मानवीय जुड़ाव रहेगा.
- **तीसरा पैनल** : समावेशिता और समानता (डीईआई) : किंड्रिल की कावेरी चौहान ने कहा कि "सच्ची समावेशिता तब होगी जब सिस्टम हर किसी के लिए, यहां तक कि न्यूरोडाइवर्जेंट लोगों के लिए भी डिज़ाइन हों. नॉर्दर्न ट्रस्ट के रॉयडन गोंसाल्वेज ने ज़ोर दिया कि "डीईआई केवल नीति नहीं, बल्कि जीने वाली संस्कृति होनी चाहिए.

# बैतरणी पुल की जर्जर हालत से परेशान युवाओं ने किया श्रमदान

**शुभम संदेश।चाईबासा**

झारखंड-ओडिशा सीमा को जोड़ने वाली अहम बैतरणी नदी पर स्थित जैंतगढ़-चंपूआ एनएच-20 पुलिया वर्षों से जर्जर हालत में है. इस पुल की खराब स्थिति के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं. स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मंगलवार को क्षेत्र के नवयुवकों ने श्रमदान कर पुल की सफाई और गड्ढों की अस्थायी मरम्मत का कार्य किया.

पुल की हालत इतनी खराब थी कि रोजाना लोग बाइक और स्कूटी से गिरकर घायल हो रहे थे. कई बार सोशल मीडिया और समाचार माध्यमों के जरिए सरकार व प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित किया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस



कदम नहीं उठाया गया है. मंगलवार को आमीर हिन्दुस्तानी, शंभू गुप्ता, हसीन अख्तर, मोअज्जम आलम, आदिल कुमार, अमर राठौर, तस्लीम अंसारी समेत दर्जनों युवाओं ने मिलकर मेटल डस्ट और अन्य मलबे से गड्ढों को भरा ताकि मार्ग फिलहाल सुरक्षित बन सके.

# गणेश चतुर्थी आज, शुभ मुहूर्त में पूजा करने से सारे विघ्न होंगे दूर

शुभम संदेश। रांची



विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश भक्तों के सभी कष्ट हरने और सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देने के लिए एक बार फिर पधारने वाले हैं. इस साल गणेश चतुर्थी का पावन पर्व 27 अगस्त 2025, बुधवार को मनाया जाएगा. हिंदू पंचांग के अनुसार, हर साल भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को गणेश चतुर्थी मनाई जाती है. धार्मिक मान्यता है कि इसी दिन माता पार्वती के पुत्र भगवान गणेश का जन्म हुआ था.गणेश चतुर्थी से लेकर अगले 10 दिनों तक गणपति बप्पा की पूजा-अर्चना पूरे विधि-विधान से की जाती है. इस अवसर पर घरों, दुकानों, दफ्तरों और पंडालों में गणपति की मूर्ति की स्थापना कर उत्सव मनाया जाता है.

### गणेश चतुर्थी 2025 पूजा और तिथि का समय

- चतुर्थी तिथि आरंभ : 26 अगस्त 2025, दोपहर 1 :54 अपराहन से
- चतुर्थी तिथि समाप्त : 27 अगस्त 2025, दोपहर 3 :44 अपराहन तक
- उदय तिथि के अनुसार पर्व की तिथि : 27 अगस्त 2025, बुधवार

हिंदू धर्म में पर्व हमेशा सूर्योदय के समय जो तिथि होती है उसी के अनुसार मनाया जाता है, इसलिए गणेश चतुर्थी 27 अगस्त को ही मनाई जाएगी.

### गणेश मूर्ति स्थापना का शुभ मुहूर्त

- अगर आप इस वर्ष अपने घर, कार्यालय या दुकान में गणपति की स्थापना करने जा रहे हैं, तो उसके लिए शुभ मुहूर्त निम्नानुसार रहेगा

### मूर्ति स्थापना का शुभ समय

- 27 अगस्त 2025 को सुबह 11 :06 बजे से दोपहर 1 :40 बजे तक. इस समयावधि में गणपति बप्पा की स्थापना करना शुभ, मंगलकारी और फलदायक माना गया है.

### गणपति उत्सव का महत्व

- गणेश चतुर्थी का पर्व सिर्फ धार्मिक महत्व ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक एकता का भी प्रतीक है. लोग बप्पा को घर लाकर 10 दिनों तक भक्ति, सेवा और उल्लास के साथ पूजा करते हैं. अनंत चतुर्दशी के दिन भव्य शोभायात्रा निकालकर गणेश विसर्जन किया जाता है.

## एक नजर

### नकुल तिर्की मौत मामले में निगम की बड़ी लापरवाही कर्मचारी संघ अनिश्चितकालीन हड़ताल पर



**रांची।** नगर निगम की गलती से हुई कर्मचारी नकुल तिर्की की मौत का मामला अब तूल पकड़ चुका है. इस मामले में नगर विकास सचिव, नगर निगम प्रशासक और मुख्यमंत्री को भी आवेदन सौंपा गया है. रांची नगर निगम कर्मचारी संघ इस घटना से नाराज है और आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ गया है. संघ का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक हड़ताल जारी रहेगी. संघ और परिवार की ये हैं प्रमुख मांगें: दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई हो. मृतक के परिवार को पारिवारिक पेंशन दी जाए. शेष दिनों का बकाया वेतन परिवार को मिले. मृतक की पत्नी सरिता तिर्की को अनुकंपा के आधार पर नौकरी दी जाए. सरिता तिर्की अब न्याय की राह देख रही हैं. सवाल यह है कि क्या सरकार और प्रशासन तुरंत इंसाफ देंगे या फिर हमेशा की तरह आवाज को दबा दिया जाएगा. नजरें इस मामले पर टिकी हुई हैं और कर्मचारी संघ अपनी मांगों पर अड़ा हुआ है.

### श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट ने चिरंजी लाल खंडेलवाल को श्रद्धांजलि अर्पित की



**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के सह-कोषाध्यक्ष चिरंजी लाल खंडेलवाल के आकस्मिक निधन पर ट्रस्ट द्वारा श्री राधा-कृष्ण प्रणामी मंदिर परिसर में शोकसभा की गई. इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल ने कहा कि चिरंजी लाल खंडेलवाल केवल एक जिम्मेदार पदाधिकारी ही नहीं थे, वे समर्पित सेवक, सरल स्वभाव और समाज के प्रति अत्यंत संवेदनशील व्यक्ति थे. शोक सभा में ट्रस्ट के पदाधिकारी राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, निर्मल जालान, मनोज चौधरी, सज्जन पाड़िया, संजय सर्राफ, शिव भगवान अग्रवाल, पूरणमल सर्राफ, नवल अग्रवाल, विशाल जालान, नंदकिशोर चौधरी, मधुसूदन जाजोदिया, सुनील पोद्दार, मनीष जालान, विष्णु सोनी, पुजारी अरविंद पांडे, मनीष सोनी, पवन पोद्दार, ज्ञानचंद शर्मा—सहित अनेक भक्तगण उपस्थित रहे. सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और परिवार को इस दुखद समय में धैर्य प्रदान करने की कामना की.

### प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के कार्यालय का उद्घाटन 27 को

**रांची।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के के कार्यालय का उद्घाटन मारवाड़ी सम्मेलन के पूर्व अध्यक्ष समाजसेवी भागचंद पोद्दार 27 अगस्त को करेंगे. महामंत्री विनोद कुमार जैन ने बताया है कि श्री गणेश चतुर्थी के अवसर पर बुधवार को शाम 4 बजे हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन परिसर में ही प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन का कार्यालय खोला जडा रहा है. उन्होंने इस अवसर पर सबों से उपस्थित रहने की अपील की है। उक्त जानकारी मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने दी.

## हाईप्रोफाइल मर्डर केस : मुख्य साजिशकर्ता मो. असलम की जमानत याचिका खारिज

# अमन राजा ने किया सरेंडर एक और आरोपी गिरफ्तार

शुभम संदेश। रांची

हिंदपीढ़ी निवासी साहिल गद्दी उर्फ कुरकुरे हत्याकांड में पुलिस की कार्रवाई तेज हो गई है. मामले के मुख्य साजिशकर्ता और पूर्व पार्षद मो. असलम की ज़मानत याचिका रांची की सीजेएम कोर्ट ने खारिज कर दी है. अधिवक्ता अविनाश कुमार ने सुनवाई के दौरान अदालत में बहस की. कोर्ट के फैसले के बाद असलम को न्यायिक हिरासत में जेल में ही रहना होगा.असलम ने 22 अगस्त को ज़मानत के लिए याचिका दायर की थी. इससे पहले ज़मानत पर बाहर आया असलम 12 अगस्त को दोबारा गिरफ्तार कर लिया गया था. उस पर आरोप है कि उसने जेल में रहते हुए ही साहिल गद्दी की हत्या की साजिश रची थी। इधर, मामले में फरार चल रहा आरोपी अमन राजा ने अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया, जिसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है. एक अन्य आरोपी मो. फिरोज को पुलिस ने चाईबासा से गिरफ्तार किया है. जांच में सामने आया है कि फिरोज ने घटना के बाद मुख्य आरोपी मो. अरमान और अन्य अपराधियों को अपने घर में पनाह दी थी. यह बात पूछताछ के दौरान अरमान ने भी स्वीकार की है.इससे पहले पुलिस मो. अरमान, मो. असलम, मो. आसिफ सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है.

### दुष्कर्मी पौलुस तिर्की को आजीवन कारावास की सजा

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट ने सात साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के दोषी पौलुस तिर्की को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है. पोक्सो मामलों की विशेष कोर्ट ने पौलुस तिर्की की सजा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए 50 हजार रूपए का जुर्माना भी लगाया है. कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि यदि दोषी जुर्माना की राशि जमा नहीं करता है तो उसे अतिरिक्त सजा काटनी होगी. पौलुस को 21 अगस्त को दोषी करार दिया गया था. उसने बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना को 12 सितंबर 2022 को अंजाम दिया गया था. जिसके बाद पीड़िता की मां ने नामकुम थाना में अभियुक्त के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी. प्राथमिकी के मुताबिक आरोपी सितंबर 2022 को सुबह 8 बजे बच्ची के घर आया और बच्ची को कॉन्वेंट स्कूल, पलांडू भेजने के बहाने ले गया और लगभग 10 बजे पीड़िता रोते हुए घर वापस आई. पूछने पर बोली चाचा उसे स्कूल नहीं ले गए बल्कि उसे चूना-भट्ठा के पास एक जर्जर घर में ले गए और गलत काम किया.

## मुख्यमंत्री ने केंद्रीय कोयला राज्यमंत्री के साथ की उच्च स्तरीय बैठक

# खनन कार्य पूरा होने के बाद जमीन रैयत को वापस मिलनी चाहिए:हेमंत सोरेन

शुभम संदेश। रांची



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में केंद्रीय कोयला राज्यमंत्री सतीश चंद्र दुबे के साथ उच्चस्तरीय बैठक की. बैठक में कोयला खनन गतिविधियों, पर्यावरणीय संतुलन, स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने तथा क्षेत्रीय विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई. मौके पर मुख्यमंत्री ने झारखंड के हितों, खनन क्षेत्रों में स्थानीय लोगों की भागीदारी, रोजगार सृजन, पर्यावरणीय संतुलन तथा राज्य सरकार को मिलने वाले राजस्व से संबंधित विषयों को प्रमुखता से रखा.

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा की खनन कार्य संपन्न हो जाने के उपरांत जमीन को भारत सरकार राज्य सरकार को वापस करे, ताकि उस जमीन को मूल रैयतों को लौटाया जा सके. मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि खनन प्रभावित क्षेत्रों में लोगों के पुनर्वास, रोजगार, पर्यावरणीय संतुलन तथा आधारभूत संरचना के विकास को प्राथमिकता दी जाए. मौके पर केंद्रीय कोयला राज्यमंत्री ने मुख्यमंत्री द्वारा उठाए गए बिंदुओं पर सकारात्मक रुख दिखाते हुए कहा कि राज्य और केंद्र मिलकर समाधान तलाशेंगे. उन्होंने भरोसा दिलाया कि झारखंड के विकास और लोगों की भलाई को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार हर संभव सहयोग करेगी.

इस बैठक में मुख्य सचिव अलका तिवारी, खान सचिव अरवा राजकमल, खान निदेशक राहुल सिन्हा, सीएमपीडीआई के सीएमडी मनोज कुमार, बीसीसीएल के सीएमडी श्री समीरन दत्ता, सीसीएल के सीएमडी नीलेंदु कुमार सिंह एवं बीसीसीएल के डीटी एमके अग्रवाल मौजूद थे.

### मुख्यमंत्री ने दी अनुकंपा के आधार पर नौकरी

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने चौकीदार स्वर्गीय भरत लोहार के आश्रित पुत्र वासुदेव कर्मकार (ग्राम– फाड़ेंगा, पोस्ट– चालियामा, थाना– नीमडीह, जिला– सरायकेला –खरसावां) एवं चौकीदार स्वर्गीय शशधर महतो की आश्रित पत्नी श्रीमती सनका बाला महतो ( ग्राम– बारदाडीह, पोस्ट– तुता, थाना– ईचागढ़, जिला– सरायकेला– खरसावां) का अनुकंपा के आधार पर चौकीदार के पद पर नियुक्ति हेतु अधिकतम उम्र सीमा को क्षान्त किए जाने से संबंधित गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है.

# पेसा कानून को लेकर प्रखंडों में बड़ा प्रदर्शन करेगी माकपा




शुभम संदेश। रांची

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) विस्थापन आयोग का गठन करने, लैंड बैंक रद्द करने, जमीन के डिजिटल रेकार्ड में सुधार करने और पेसा की नियमावली लागू करने की मांग को लेकर एक से 15 सितंबर तक राज्य के सभी प्रखंड मुख्यालयों पर प्रदर्शन करेगी. यह निर्णय मंगलवार को हुई पार्टी की दो दिवसीय राज्य समिति की बैठक में लिया गया.

बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी पोलित ब्यूरो के सदस्य और राज्य के नए प्रभारी तपन सेन ने कहा कि देश के प्राकृतिक संसाधनों की लूट के खिलाफ पिछले दिनों मजदूरों और किसानों की ओर से प्रतिरोध किया गया, जो अपने आप में सही कदम है. उन्होंने रिम्स-2 और सुर्या हांसदा की फर्जी एनकाउंटर में हुई मौत के मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उसके सहयोगी दलों की ओर से विधानसभा सत्र को बाधित करने की आलोचना की. साथ ही भाजपा के विरोध को राजनीतिक नौटंकी करार दिया.

उन्होंने कहा कि यदि नगड़ी के रैयतों को रिम्स-2 के निर्माण से आपत्ति है, तो उसका निर्माण अन्यत्र कराया जाना चाहिए. राज्य सरकार ने घटना की सीआईडी जांच का आदेश दिया है, लेकिन घटना को लेकर भाजपा की ओर से इसका महिमामंडन करना और उसे मसीहा बताना अवसरवादी राजनीति का परिचायक है. पार्टी की राज्य कमिटी ने झारखंड सरकार विस्थापन आयोग के गठन की प्रक्रिया शुरू करने और लैंड बैंक को रद्द कर जल्द अधिसूचना जारी करने की मांग की है. बैठक में संताल परगना प्रमंडल के पाकुड़ और दुमका जिला में कोयला परिवहन से उत्पन्न प्रदूषण, चौपट होती खेती और बढ़ती दुर्घटनाओं पर कारगर हस्तक्षेप करने की कार्ययोजना पर चर्चा की गई. बैठक की अध्यक्षता सुरजीत सिन्हा ने की.

### शराब दुकान के लिए आखिर प्रतिभूति राशि लेने में दोहरी नीति क्यों : जायसवाल



**रांची।** झारखंड शराब व्यापारी संघ के महासचिव सुबोध कुमार जायसवाल ने उत्पाद आयुक्त सहित राज्य के उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री का ज्ञापन सौंप कर प्रतिभूति राशि एनएससी से जमा करने की बात थी, लेकिन ड्राफ्ट के माध्यम से जमा कराई गई. आखिर प्रतिभूति राशि मामले में दोहरी नीति क्यों अपनाई गई. जायसवाल ने ज्ञापन में लिखा है वर्तमान में अधिकांश आवेदकों ने प्रतिभूति राशि ड्राफ्ट के माध्यम से विभाग में जमा कर दी है. विदित हो कि उक्त राशि पर किसी प्रकार का ब्याज प्राप्त नहीं होगा, जिससे व्यापारियों को आर्थिक नुकसान होने की संभावना है. उत्पाद नियमावली 2025 के नियम 22( !!! ) के अनुसार प्रतिभूति राशि एनएससी के माध्यम से जमा करने का प्रावधान है. अतः विनम्र आग्रह है कि अनुज्ञाधारियों द्वारा एनएससी के माध्यम से प्रतिभूति राशि जमा करने की अनुमति प्रदान की जाए और सत्यापन उपरांत पूर्व में ड्रॉफ्ट द्वारा जमा की गई राशि संबंधित लाइसेंस प्राप्तकर्ताओं को वापस करने की कृपा करें. इस प्रकार के निर्णय से व्यापारियों को अनावश्यक आर्थिक नुकसान से बचाया जा सकेगा और विभागीय प्रक्रिया भी पारदर्शी व सुचारु रूप से संपन्न होगी.

# कोचिंग संस्थानों पर नकेल कसने वाला ऐतिहासिक विधेयक: आलोक कुमार दूबे

## अब शिक्षा जगत में पारदर्शिता और अनुशासन स्थापित करने में ज्यादा सहूलियत होगी

शुभम संदेश। रांची



कोचिंग संस्थानों पर नियंत्रण और विनियमन के लिए विधानसभा से पारित विधेयक अब शिक्षा जगत में पारदर्शिता और अनुशासन स्थापित करने का बड़ा कदम साबित होगा. यह न केवल बच्चों और उनके अभिभावकों के लिए राहत भरा है, बल्कि शिक्षा के व्यवसायीकरण पर भी करारा प्रहार करेगा. झारखंड विधानसभा और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने देश के दूसरे राज्यों के लिए भी कोचिंग सेंटर नियमावली कानून बनाने का मार्ग प्रशस्त किया है. पब्लिक स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने इस ऐतिहासिक फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि यह कानून छात्रों और अभिभावकों के लंबे संघर्ष का नतीजा है. उन्होंने याद दिलाया कि छात्र जीवन से ही वे लगातार इस बात को उठाते रहे हैं झारखंड और देशभर में कोचिंग संस्थान मनमाना शुल्क वसूलते हैं, झूठे दावे करते हैं और बच्चों को अवास्तविक सपनों के बोझ तले दबा देते हैं.

उन्होंने कहा कि झारखंड जैसे राज्य में गरीब, आदिवासी और पिछड़े वर्ग के बच्चे मेडिकल और इंजीनियरिंग जैसी कठिन परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग संस्थानों पर निर्भर रहते हैं. लेकिन इन संस्थानों की वास्तविक उपलब्धियां अक्सर छिपा दी जाती हैं. कई अभिभावक अपने बच्चों के भविष्य के लिए खेत-खलिहान तक बेच देते हैं, फिर भी वांछित परिणाम नहीं मिलते. अब इस कानून के बाद संस्थानों को बाध्य किया जाएगा कि वे यह बताएं कि वास्तव में कितने छात्रों ने सफलता प्राप्त की है.दूबे ने कहा कि यह कानून शिक्षा जगत में पारदर्शिता और जवाबदेही की नई शुरुआत करेगा. छात्रों को वास्तविक अवसर मिलेंगे और अभिभावकों पर आर्थिक शोषण का दबाव कम होगा. साथ ही, बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाला अनावश्यक बोझ भी घटेगा.

## झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो का भाजपा पर बड़ा हमला

# दिशोम गुरु शिबू सोरेन से तुलना पर बाबूलाल माफी मांगें

शुभम संदेश। रांची

झामुमो ने सूर्या हांसदा की दिशोम गुरु शिबू सोरेन से तुलना को लेकर भाजपा पर तीखा हमला बोला है. पार्टी के महासचिव व प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि सूर्या हांसदा को झाविमो के टिकट पर राजनीति में लाने वाले बाबूलाल मरांडी आज उसी सूर्या हांसदा की तुलना शिबू सोरेन से कर रहे हैं, जो बेहद आपत्तिजनक है. उन्होंने कहा कि जब बाबूलाल झाविमो में थे, तब सूर्या हांसदा उनके साथ पीसी में बैठते थे, ऐसे में निजी समीकरण हो सकते हैं. लेकिन भाजपा को यह नहीं भूलना चाहिए कि सूर्या हांसदा और दिशोम गुरु शिबू सोरेन की तुलना करना न केवल असंगत है, बल्कि यह झारखंडी अस्मिता का अपमान है.

सुप्रियो ने पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा पर भी सवाल उठाए. उन्होंने कहा कि अर्जुन मुंडा ने राजनीति की शुरुआत झामुमो की टिकट पर की थी और गुरुजी की उंगली पकड़कर पहली बार विधानसभा पहुंचे थे. ऐसे में उन्हें तो गुरुजी के प्रति सम्मान प्रकट करना चाहिए, न कि भाजपा के साथ मिलकर चुप्पी साधनी चाहिए.

उन्होंने कहा कि शिबू सोरेन एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक आंदोलन और संस्था का नाम हैं. उनकी भूमिका, संघर्ष और योगदान पर देश-विदेश में रिसर्च हो रहे हैं. ऐसे में सूर्या हांसदा की उनसे तुलना करना न केवल हास्यास्पद है बल्कि राजनीतिक स्तरहीनता को भी दर्शाता है. उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी को इस टिप्पणी पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए.

### दिशोम गुरु के नाम पर स्टेडियम और राष्ट्रीय शोध संस्थान की मांग



सुप्रियो ने यह भी मांग की कि झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (जेएससीए) का नाम बदलकर दिशोम गुरु शिबू सोरेन क्रिकेट स्टेडियम रखा जाए. उन्होंने कहा कि इस स्टेडियम की जमीन शिबू सोरेन के मुख्यमंत्री कार्यकाल में दी गई थी और भूमि पूजन भी उन्हीं ने किया था. इसके साथ उन्होंने सरकार से यह भी आग्रह किया कि विधानसभा से प्रस्ताव पारित कर केंद्र को भेजा जाए, ताकि राष्ट्रीय स्तर पर एक शोध संस्थान की स्थापना की जा सके जो शिबू सोरेन के विचारों, आंदोलनों और संघर्षों पर अध्ययन करे. प्रवक्ता ने यह भी कहा कि झारखंड विधानसभा में एसआईआर (एसआईआर), वोट चोरी और 130वें संविधान संशोधन से जुड़े मुद्दों पर प्रस्ताव लाया जाए. उन्होंने कहा कि अब सबूत सामने आ चुके हैं कि कुछ लोगों को जानबूझकर वोट देने से वंचित किया गया है, जो लोकतंत्र के खिलाफ है. ऐसे में एसआईआर को निरस्त किया जाना चाहिए.

# श्री श्याम मंडल का चार दिवसीय 58वां वार्षिक श्री श्याम महोत्सव 28 अगस्त से

शुभम संदेश। रांची



राजधानी रांची में अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर एक बार फिर भक्ति, सेवा और श्रद्धा के अनुपम संगम का साक्षी बनने जा रहा है. प्राचीनतम धार्मिक संस्था श्री श्याम मंडल, रांची के 58वां वार्षिक श्री श्याम महोत्सव का ) चार दिवसीय भव्य आयोजन 28 अगस्त (गुरुवार) से 31 अगस्त (रविवार) मनाया जाएगा. मंदिर परिसर का रंग-बिरंगी रोशनी और फूलों से विशेष श्रृंगार से किया जा चुका है और कोलकाता से आए विशेष कारीगर सजावट के अंतिम चरण में जुटे हैं. मंडल के सैकड़ों सदस्य बीते तीन महीनों से विभिन्न उप-समितियों के माध्यम से इस महोत्सव को ऐतिहासिक और भव्य बनाने में जुटे हैं. यह जानकारी श्री श्याम मंडल के चंद्र प्रकाश बागला, मनोज सिंघानिया, धीरज बंका, राजेश सारस्वत, विवेक ढांढनियां, विकास पाडिया, अजय शंकर साबू, नितेश लाखोटिया, अमित जलान और प्रियांश पोद्दार ने संयुक्त रूप से दी. मौके पर उन्होंने महोत्सव से संबंधित पोस्टर का विमोचन भी किया. बताया कि आयोजन में भक्तों की सुविधा और धार्मिक अनुभव को सर्वोपरि रखते हुए व्यापक व्यवस्थाएं की जा रही हैं. महोत्सव का सीधा प्रसारण श्री श्याम मंडल के यूट्यूब चैनल पर किया जाएगा. समापन के अवसर पर रात 10 बजे मंडल के मंत्री धीरज बंका वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे और महाआरती के साथ महोत्सव का समापन होगा. सभी ने समवेत स्वर में शहरवासियों से इस धार्मिक पर्व में भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की.

**शोभायात्रा में होगा श्री श्याम प्रभु का नगर भ्रमण:** 29 अगस्त को अपराह्न 4 बजे से श्री श्याम मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी जिसमें श्रीकृष्ण लीला पर आधारित झांकियां, धार्मिक धुनों पर नृत्य करते बैंड दल, ध्वज लेकर चलते भक्त और विशेष आकर्षण के रूप में दिव्य रथ पर सवार श्री श्याम प्रभु नगर भ्रमण करेंगे. शहर भर में शोभायात्रा का स्वागत किया जाएगा और मंडल की ओर से प्रसाद वितरण भी किया जाएगा.

रात्रि 10 बजे अखंड ज्योत प्रज्वलित कर संगीतमय संकीर्तन की शुरुआत होगी. श्री श्याम प्रभु को छप्पन भोग, 501 सवामणि, और विभिन्न फलों का भोग अर्पित किया जाएगा. इस अवसर पर धनबाद के प्रसिद्ध भजन गायक कृष्णा अग्रवाल तथा कोलकाता मंडल के भजन गायकों द्वारा संपूर्ण रात्रि भजन संध्या का आयोजन होगा.

**समापन दिवस पर होगा सुंदरकांड पाठ और महाआरती:** 31 अगस्त (रविवार) को प्रातः 8 बजे 300 महिला- पुरुष पारंपरिक वेशभूषा में संगीतमय सुंदरकांड पाठ करेंगे. इसके बाद श्रीहनुमान मंडल रांची, श्री शिव भक्त मंडल रांची और चंडीगढ़ से पधारे प्रसिद्ध भजन गायक श्री गुरप्रीत धारीवाल भजनों की अमृतवर्षा करेंगे.

### महोत्सव की शुरुआत गौ सेवा और कन्या पाठशाला में सेवा कार्य से

28 अगस्त को प्रात : 8 बजे मंदिर में श्रृंगार आरती के बाद श्याम भक्तों का जत्था सुकुरहुटू गौशाला जाएगा, जहां गौमाता का पूजन कर उन्हें गुड़, चोकर, रोटी, हरी सब्जी और चारा अर्पित किया जाएगा. इसी दिन प्रात : 11 :30 बजे रानी सती कन्या पाठशाला में सेवा कार्य के अंतर्गत एक फोटो कॉपी मशीन एवं दो छात्राओं की साल भर की फीस प्रदान की जाएगी.

### मुख्य आयोजन 30 अगस्त को, रात्रि जागरण में होगी भजनों की अमृत वर्षा

30 अगस्त (शनिवार) की रात 9 बजे से मंदिर परिसर में महोत्सव का मुख्य आयोजन होगा. श्री श्याम प्रभु, बजरंगबली और शिव परिवार के दिव्य श्रृंगार के पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ मंडल के संरक्षक ओम प्रकाश जोशी द्वारा गणेश पूजन से होगा. इसके बाद मंडल अध्यक्ष चंद्र प्रकाश बागला उपस्थित श्रद्धालुओं का स्वागत कर मंडल की स्मारिका "प्रेम पुष्प" के 58वें संस्करण का विमोचन करेंगे.

# राज्य में 24 घंटे के भीतर आपदा प्रभावितों को दिया जा रहा मुआवजा : मंत्री इरफान

शुभम संदेश। रांची

झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र में मंगलवार को अतिवृष्टि पर विस्तृत चर्चा हुई. राज्य के आपदा प्रबंधन मंत्री ने कहा कि इस वर्ष अतिवृष्टि से राज्य के किसानों और आम लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है, लेकिन सरकार आपदा से राहत के लिए प्रतिबद्ध है.

विधानसभा में राज्य के आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि जनता को राहत चाहिए, राजनीति नहीं. इस बार मई, जून, जुलाई और अगस्त में सामान्य से अधिक बारिश हुई है, जिसके कारण पहली बार इतने पैमाने पर राज्य में नुकसान हुआ है. उन्होंने बताया कि भारी बारिश में अबतक 486 लोगों की मौत हुई है, जबकि कच्चे-पक्के मकानों और फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है.

मंत्री ने कहा कि पहले प्राकृतिक आपदा में मुआवजा देने में दो साल तक लग जाते थे, लेकिन अब 24 घंटे के भीतर लिखित सूचना देने पर मुआवजा उपलब्ध कराया जा रहा है. तीन घंटे के भीतर आपदा अलर्ट एसएमएस के जरिए भेजा जा रहा है. उन्होंने कहा कि आपदा प्रभावित लोगों के लिए अब तक 48 करोड़ रुपये आवंटित किए जा चुके हैं और जैसे ही जिलों से रिपोर्ट आ रही है, वैसे ही राशि भेजी जा रही है. प्रत्येक प्रखंड को स्पष्ट निर्देश दिया गया है. उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार आपदा से राहत के लिए प्रतिबद्ध है और विपक्ष की कड़वी बातों से जनता को गुमराह नहीं होने दिया जाएगा. विपक्ष की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता उनके झूठे आंसुओं की राजनीति को समझ चुकी है.

## ब्रीफ न्यूज

### मंदिर में चोरी, अज्ञात चोरों ने चुराई चांदी की आंखें

**बरवाडीह ।** बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय स्थित प्राचीन पहाड़ी हनुमान मंदिर में एक बार फिर चोरी की घटना हुई है. सोमवार की रात अज्ञात चोरों ने मंदिर में स्थित हनुमान जी की प्रतिमा से दोनों चांदी की आंखें चुरा लीं. मंगलवार सुबह जब श्रद्धालु पूजा के लिए पहुंचे तो प्रतिमा को क्षतिग्रस्त देख हैरान रह गए. इससे पहले भी मंदिर परिसर में स्थित शिव मंदिर की दान पेटी को तोड़कर पैसे चुराए गए थे. लगातार हो रही इन चोरी की घटनाओं से स्थानीय लोगों में आक्रोश है. ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि चोर पुलिस को खुली चुनौती दे रहे हैं, लेकिन अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है.

विधायक रामचन्द्र सिंह के प्रयासों को मिली सफलता

# बरवाडीह में खुलेगा डिग्री कॉलेज, महुआडांड़ बनेगा पर्यटक स्थल

- विधानसभा में उठाई मांग पर सरकार की ओर से आया सकारात्मक जवाब

**शुभम संदेश ।बरवाडीह (लातेहार)**



मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचन्द्र सिंह ने एक बार फिर अपनी क्षेत्र की जनसमस्याओं को प्रभावशाली ढंग से झारखंड विधानसभा के सदन में उठाया। उनके लगातार प्रयासों और जमीनी मुद्दों को प्रमुखता से रखने के कारण सरकार ने बरवाडीह में डिग्री कॉलेज खोलने और महुआडांड़ को पर्यटक स्थल घोषित करने पर सकारात्मक रुख अपनाया है।

महुआडांड़ को पर्यटन स्थल बनाने की दिशा में सरकार की पहल

विधानसभा में महुआडांड़ प्रखंड की पर्यटन संभावनाओं पर ध्यान आकर्षित करते हुए विधायक ने कहा कि यह क्षेत्र प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर है और इसे पर्यटन स्थल घोषित किया जाना चाहिए।

इसके जवाब में पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग ने स्वीकार किया कि महुआडांड़ में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। सरकार ने बताया कि विभागीय पत्रांक 1215, दिनांक 29 जुलाई 2025 के तहत जिला पर्यटन समन्वय परिषद को निर्देश दिया गया है कि वह महुआडांड़ को पर्यटक स्थल घोषित करने का प्रस्ताव भेजे। प्रस्ताव स्वीकृत होने के बाद पर्यटन सुविधाओं के विकास के लिए बजट भी उपलब्ध कराया जाएगा।

बरवाडीह में डिग्री कॉलेज की स्थापना पर सरकार की स्वीकृति

बरवाडीह में उच्च शिक्षा की कमी को लेकर भी विधायक रामचन्द्र सिंह ने गंभीर चिंता जताई। उन्होंने बताया कि यहां के छात्र-छात्राओं को 12वीं के बाद 30 से 75 किलोमीटर दूर जाकर पढ़ाई करनी पड़ती है, जिससे खासकर आदिवासी और गरीब तबके के विद्यार्थी प्रभावित होते हैं।

उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग ने इस समस्या को गंभीर मानते हुए जवाब दिया कि बरवाडीह में डिग्री कॉलेज स्थापित करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। 14 जुलाई 2025 को उपसमाहर्ता लातेहार को कॉलेज निर्माण हेतु उपयुक्त भूमि चिन्हित करने का निर्देश दिया गया है। भूमि चिन्हित कर रिपोर्ट मिलने के बाद कॉलेज की स्थापना पर सरकार अंतिम निर्णय लेगी।

### क्षेत्रवासियों को विधायक से नई उम्मीद

महुआडांड़ और बरवाडीह की यह दोनों मांगे वर्षों पुरानी रही हैं, जिन्हें विधायक रामचन्द्र सिंह ने लगातार सदन में उठाया। उनकी सक्रिय भागीदारी और प्रयासों से अब सरकार इन मुद्दों पर कार्रवाई की दिशा में आगे बढ़ी है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि रामचन्द्र सिंह के प्रयासों से उन्हें नई उम्मीद मिली है। लोगों को विश्वास है कि आने वाले समय में महुआडांड़ पर्यटन मानचित्र पर अपनी पहचान बनाएगा और बरवाडीह के युवाओं को स्थानीय स्तर पर उच्च शिक्षा की सुविधा मिलेगी।



लातेहार



सतबरवा

# हरितालिका तीज पर सुहागिनों ने पति की लंबी उम्र के लिए रखा निर्जला व्रत

**शुभम संदेश ।लातेहार**

हरितालिका तीज का पर्व जिला मुख्यालय और ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े हर्षोल्लास और धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस खास अवसर पर सुहागिनों ने भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा अर्चना की तथा अपने पति की लंबी उम्र और खुशहाली की कामना की। शहर के प्रमुख मंदिरों जैसे थाना चौक स्थित महावीर मंदिर, श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर, प्राचीन शिव मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर, हनुमंत भवन और सोमेश्वर शिव मंदिर में सुहागिनों ने सामूहिक रूप से पूजा की। महावीर मंदिर में पंडित त्रिभुवन पांडेय और वैष्णव दुर्गा मंदिर में पुजारी रामेश्वर पांडेय के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण हुआ। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव और पार्वती की कथा सुनी और पारंपरिक गीतों का आयोजन किया। बज्रांगदेव सेवा संस्थान के संस्थापक त्रिभुवन पांडेय ने बताया कि तीज के दिन महिलाएं निर्जला उपवास रखती हैं और पति की लंबी उम्र की कामना करती हैं। साथ ही महिलाएं पारंपरिक पेड़किया भगवान शिव और माता पार्वती को अर्पित करती हैं।=वहीं इस तीज पर



महंगाई का भी असर साफ दिखा। फल और पूजन सामग्री के दाम आसमान छू रहे थे। बाजार में केला दर्जन का 60 रुपये, सेब 100 से 120 रुपये, खीरा 10 रुपये प्रति पीस और खोवा 350 से 450 रुपये किलो के भाव बिक रहा था। इसके अलावा तैयार पेड़किया भी 150 से 450 रुपये प्रति किलो तक महंगे दामों में उपलब्ध थे। इस महंगाई से लोगों की चिंता बढ़ गई है, लेकिन परंपरा निभाने के लिए श्रद्धालु तीज के त्योहार को पूरे उत्साह से मनाते नजर आए।

### तीज पर महिलाओं ने रखा आस्था से उपवास शिव-पार्वती की पूजा की

**सतबरवा ।** मंगलवार को सतबरवा समेत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में हरितालिका तीज का पर्व श्रद्धा, आस्था और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर भगवान शिव और मां पार्वती की पूजा-अर्चना की तथा अखंड सौभाग्य की कामना की। सुबह से ही महिलाएं पारंपरिक परिधानों में सज-धज कर मंदिरों और घरों में पूजा की तैयारियों में जुट गईं। दिनभर भजन-कीर्तन और मंगल गीतों की गूंज से वातावरण भक्तिमय बना रहा। शाम को शिव-पार्वती की प्रतिमा को भव्य रूप से सजाकर विधिवत पूजा की गई। पर्व को लेकर बाजारों में भी रौनक देखने को मिली। महिलाओं ने मेहंदी, चूड़ी, बिंदी, साड़ी और श्रृंगार सामग्री की खूब खरीदारी की। सतबरवा के विभिन्न पूजा स्थलों पर तीज व्रत में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। जिप सदस्य सुधा कुमारी ने कहा कि हरितालिका तीज न केवल धार्मिक पर्व है, बल्कि यह हमारी संस्कृति, संस्कार और पारिवारिक एकता का भी प्रतीक है।

## हरितालिका तीज व्रत रख सुहागिनों ने पति की लंबी उम्र और अखंड सौभाग्य की कामना की



**विश्रामपुर।पलामू ।** पलामू सहित आस पास के क्षेत्रों में हरितालिका तीज का व्रत सुहागिन महिलाओं ने रखा। जहां विधि विधान से भगवान भोलेनाथ व माता पार्वती की पूजा-अर्चना कर पति की लंबी उम्र और अखंड सौभाग्य की कामना की। सुहागिन महिलाएं निर्जला इस व्रत को रखती है। व्रत भाद्रपद के शुक्ल पक्ष के तृतीया तिथि को मनाया गया।

### आदि कर्मयोगी अभियान: ग्रामीण विकास में एक परिवर्तनकारी पहल : डीसी

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने मंगलवार को समाहरणालय सभागार में आदि कर्मयोगी अभियान के सफल क्रियान्वयन और इसकी भावी रूपरेखा को लेकर प्रेस से बातचीत की। उन्होंने बताया कि यह अभियान भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा चलाया जा रहा एक महत्वपूर्ण परिवर्तनकारी प्रयास है, जिसका मुख्य उद्देश्य जिले के 269 जनजातीय ग्रामों में शासन को सशक्त बनाना और ग्रामीण समुदायों की विभिन्न समस्याओं का समाधान करना है। उपायुक्त ने बताया कि आदि कर्मयोगी अभियान पारदर्शिता, जवाबदेही और प्रशासनिक दक्षता



बढ़ाने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। इस योजना के अंतर्गत जिले के विभिन्न विभागों के कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा ताकि वे बेहतर सेवा प्रदान कर सकें। ग्राम स्तर पर आदि कर्मयोगी केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जहां ग्रामीण सीधे अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त कर सकेंगे। उप विकास आयुक्त ने बताया कि जिले के 10 प्रखंडों में अनुसूचित जनजाति बाहुल्य 90 पंचायतों के 269 ग्रामों को अभियान के तहत शामिल किया गया है। 28 से 30 अगस्त तक जिला स्तरीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जबकि 1 और 2 सितंबर को प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम होगा।

## बागवानी योजना अधर में, अगस्त बीतने को आया लेकिन नहीं लगा एक भी पौधा

**गारू (लातेहार)।** गारू प्रखंड में संचालित बागवानी योजना इस वर्ष भी लापरवाही और अनदेखी का शिकार हो रही है। अगस्त का अंतिम सप्ताह बीतने को है, लेकिन अब तक किसी भी पंचायत में पौधा लगाने का कार्य शुरू नहीं हुआ है। इससे योजना की पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं और ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। प्रखंड के बारेसांढ़ में 30, करवई में 38, कोटाम में 37, मायापुर में 22, रुद में 25 और धांगर टोला पंचायत में 40 बागवानी योजनाएं स्वीकृत हुई थीं। इनका उद्देश्य था ग्रामीणों की आयवृद्धि और रोजगार सृजन, लेकिन एक भी पंचायत में पौधे नहीं लगे हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि कई जगहों पर कार्य से अधिक राशि की निकासी हो चुकी है। उनका सवाल है कि जब धरातल पर पौधे लगे ही नहीं, तो राशि खर्च किस पर हुई? यह भ्रष्टाचार और लूट का मामला प्रतीत होता है। झामुमो गारू प्रखंड अध्यक्ष तौकीर मियां ने कहा कि यह पहली बार नहीं है, पिछले साल भी समय से पौधे नहीं लगे थे, और लगभग 80 प्रतिशत पौधे दो महीने में सूख गए थे। इस बार भी वैसी ही स्थिति बनती दिख रही है।

इधर कई लाभुकों ने कहा कि वे योजना से लाभ चाहते हैं, लेकिन हर बार पौधे देर से खेतों तक पहुंचते हैं, जिससे पूरी मेहनत व्यर्थ जाती है। ग्रामीणों और लाभुकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पौधे शीघ्र उपलब्ध कराए जाएं और योजना की निगरानी सुनिश्चित की जाए, ताकि इसका वास्तविक लाभ लोगों तक पहुंच सके।

निर्देश कोटिया, सप्तमी और लकड़ाही जंगल-पहाड़ बचाने की मुहिम तेज

# सतबरवा के ग्रामीणों ने सीओ को सौंपा आवेदन

**शुभम संदेश।सतबरवा**

सतबरवा प्रखंड अंतर्गत रेवारातू पंचायत के कोटिया, सप्तमी और लकड़ाही क्षेत्र के जंगल व पहाड़ को बचाने की मांग को लेकर मंगलवार को स्थानीय ग्रामीणों ने संघर्ष समिति के नेतृत्व में सतबरवा के अंचलाधिकारी कृष्ण मुरारी तिर्की को हस्ताक्षरयुक्त आवेदन सौंपा। इस अभियान में कई दर्जन ग्रामीणों ने भाग लिया और स्पष्ट संदेश दिया कि वे जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए हरसंभव संघर्ष करेंगे।

संघर्ष समिति के प्रमुख राजेंद्र सिंह ने कहा कि यदि इन प्राकृतिक संसाधनों को नहीं बचाया गया, तो भविष्य में उनका अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा। जंगल, जल और जमीन



ही ग्रामीणों की जीवन रेखा हैं, जो उनकी आजीविका के साथ-साथ अगली पीढ़ियों के भविष्य को भी सुरक्षित रखते हैं। समिति ने प्रशासन से मांग की कि इन क्षेत्रों को खनन कंपनियों के हवाले न किया जाए, और स्थानीय लोगों के अधिकारों एवं पर्यावरण की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाए। गांव के 75 वर्षीय शिव राज सिंह ने भावुक होकर कहा कि, "ये सिर्फ पेड़-पौधे, चट्टानें और जमीन नहीं हैं, बल्कि हमारी जड़ें और जीवन का आधार हैं। जंगल से हमें औषधियां, शुद्ध हवा और जीवनदायिनी संसाधन मिलते हैं। पहाड़ हमारी संस्कृति और पहचान हैं, जो सुरक्षा और संबल प्रदान करते हैं।" ग्रामीणों का कहना है कि पहले भी इस विषय में सीओ सतबरवा, पलामू डीसी और खनन विभाग को आवेदन सौंपा गया था। 6 मई 2025 को जिला प्रशासन द्वारा लगाए गए सूचना पट पर स्पष्ट रूप से लिखा गया है कि कोटिया-लकड़ाही जंगल की 182.63 एकड़ भूमि गैर मजरूआ मालिक खाता की है, जिसे खरीदा, बेचा या अतिक्रमण नहीं किया जा सकता। ग्रामीणों का आरोप है कि वर्ष 2016 में फर्जी आमसभा कराकर 28 एकड़ भूमि पर कुछ कथित लोगों ने पत्थर खनन के लिए लीज हासिल कर ली थी, जिसका लगातार विरोध किया जा रहा है। इस आंदोलन को सामाजिक कार्यकर्ता आशिष कुमार सिन्हा का भी समर्थन मिल रहा है। उन्होंने बताया कि चतरा सांसद कालीचरण सिंह से इस विषय में बातचीत हो चुकी है और बुधवार को सांसद को भी ज्ञापन सौंपा जाएगा। उन्होंने दोहराया कि "किसी भी कीमत पर पहाड़ पर खनन नहीं होने देंगे।" इस अवसर पर फूलमती कुंवर, इतवारिया कुंवर, कमल कुंवर, शंकर सिंह, मनोहर सिंह, अशोक राम सहित कई दर्जन ग्रामीण उपस्थित थे, जिन्होंने इस आंदोलन में एकजुटता दिखाई। ग्रामीणों का संकल्प है – जब तक जल-जंगल-पहाड़ सुरक्षित नहीं होंगे, तब तक संघर्ष जारी रहेगा।

### पलामू : बेटे ने की पिता की हत्या, पुलिस ने आरोपी को भेजा जेल

**पड़वा/पलामू ।** थाना क्षेत्र के कजरमा गांव में 20 वर्षीय युवक कारू कुमार ने अपने पिता प्यारे भुइयां की हत्या कर दी। घटना का खुलासा तब हुआ जब पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि मृतक की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है और उसका अंतिम संस्कार किया जा रहा है। सूचना पर सअनि सुनील कुमार चौधरी मौके पर पहुंचे और शव की जांच की। शव पर चोट के कई निशान मिले—एक आंख फूटी हुई थी, आंख-नाक से खून निकल रहा था और गले पर फंदे का निशान था। पूछताछ में कारू कुमार ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर 23 अगस्त को रांची रिम्स में पोस्टमार्टम कराया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। थाना प्रभारी अंचित कुमार ने मामले की पुष्टि की है।

## एक नजर

### पांडू प्रखंड की बेटियों ने जिला स्तर पर मारी बाजी, पेंटिंग और क्विज में जीते स्वर्ण पदक



**पांडू ।** पांडू प्रखंड के पीएम श्री अपग्रेड प्लस टू हाई स्कूल, रत्नाग की छात्राओं ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर प्रखंड का नाम रोशन किया। 26 अगस्त 2025 को जिला स्कूल, मेदिनीनगर (पलामू) में आयोजित पेंटिंग और क्विज प्रतियोगिता में रत्नाग स्कूल की बालिकाओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा आठवीं की छात्रा प्रीति ने क्विज प्रतियोगिता में और कक्षा पांचवीं की छात्रा अर्चना ने पेंटिंग प्रतियोगिता में पहला स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक जीता। अब ये दोनों छात्राएं 31 अगस्त 2025 को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में रांची में भाग लेंगी। इन बालिकाओं की सफलता से पूरे पांडू प्रखंड में गौरव और उत्साह का माहौल है। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार, शारीरिक शिक्षक अनुपम तिवारी समेत सभी शिक्षकों ने छात्राओं को बधाई दी है। पांडू प्रखंड विकास पदाधिकारी रणवीर कुमार और मुखिया संघ अध्यक्ष प्रियंका कुमारी ने भी बालिकाओं को शुभकामनाएं दीं। प्रियंका कुमारी ने कहा कि लड़कियां हर क्षेत्र में आगे हैं, जरूरत है तो बस उन्हें मौका देने की। प्रतियोगिता में पुरस्कार लेते समय बच्चियों और शिक्षकों के चेहरों पर गर्व और प्रसन्नता साफ झलक रही थी।

### महुआडांड़ पंचायत भवन में लगा ई-केवाईसी कैंप



**महुआडांड़(लातेहार) ।** प्रखंड के पंचायत भवन में विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभुकों के लिए ई-केवाईसी कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, मुख्यमंत्री मैया सम्मान योजना समेत कई योजनाओं से जुड़े लाभुकों का ई-केवाईसी कार्य संपन्न किया गया। कैंप का उद्देश्य उन लाभुकों को योजनाओं का लाभ निर्बाध रूप से दिलाना है, जिनका आधार लिंक या ई-केवाईसी प्रक्रिया अधूरी थी। कैंप के माध्यम से लाभुकों के बैंक खातों को आधार से जोड़ने और उनकी पहचान की पुष्टि कर भविष्य में पेंशन की राशि समय पर पहुंचाने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। कैंप में बैंक मैनेजर वी. लकड़ा, पंचायत की मुखिया प्रमिला मिंज, महुआडांड़ पंचायत समिति,प्रज्ञा केंद्र संचालक पवन कुमार और शाहिद रजा समेत कई लोग मौजूद रहे। इन सभी ने मिलकर लाभुकों को आवश्यक जानकारी दी और ई-केवाईसी की प्रक्रिया को सरल एवं पारदर्शी बनाने में सहयोग किया। कैंप में बड़ी संख्या में लाभुक पहुंचे और अपनी समस्याओं का समाधान कराया। कई लाभुकों ने बताया कि आधार लिंक और ई-केवाईसी पूर्ण होने के बाद उन्हें अब पेंशन की राशि समय पर मिलने की उम्मीद है।

### विवि में परिणाम आधारित शिक्षा पर कार्यशाला संपन्न




**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय में परिणाम आधारित शिक्षा (ओबीई) विषय पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का समापन समारोह बुधवार को सम्पन्न हुआ। समापन अवसर पर कुलाधिपति डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी, कुलपति डॉ. संजय कुमार झा, रजिस्ट्रार डॉ. देवाशीष मंडल, परीक्षा नियंत्रक डॉ. नील कुमार सिंह, उप-निर्देशक अनुराग चंद्रवंशी और प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रमुख मनीषा सिंह बतौर अतिथि शामिल हुए। कुलाधिपति डॉ. चंद्रवंशी ने कहा कि विश्वविद्यालय केवल डिग्री प्रदान करने का माध्यम नहीं, बल्कि छात्रों के समग्र विकास का केंद्र होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज के समय में रोजगार और प्रतिस्पर्धा का आधार ज्ञान के साथ-साथ कौशल और दक्षता भी है। उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों और समन्वयकों को ओबीई की अवधारणा से अवगत कराना तथा विद्यार्थियों को परिणाम आधारित शिक्षा प्रणाली की ओर प्रेरित करना है।

### खेत में तार की चपेट में आने से युवक की मौत

**हुसैनाबाद (पलामू)।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के सबानो के तरी टोला निवासी 32 वर्षीय प्रमोद मेहता की खेत में बिजली के करंटयुक्त तार की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। मृतक कृष्णा मेहता का पुत्र था। घटना मंगलवार सुबह की है, जब प्रमोद शौच के लिए निकला था। उसी दौरान पास के बिशुनपुर गांव के एक व्यक्ति द्वारा अपने खेत की फसल को जानवरों से बचाने के लिए लगाए गए बिजली प्रवाहित तार में उसका पैर फंस गया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही हुसैनाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं एसडीपीओ एस. मोहम्मद याकूब ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर मामले की जानकारी ली। मृतक अपने घर का सबसे बड़ा सदस्य था। उसके पीछे पत्नी, दो बेटियां, एक छोटा भाई और विकलांग पिता हैं। इस हादसे से गांव में शोक की लहर है और परिजन बेहद सदमे में हैं।

### स्वास्थ्य मेले का आयोजन, मरीजों की हुई जांच



**बालूमाथ (लातेहार)।** बालूमाथ स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में मंगलवार को स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया. मेले में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई. प्राप्त जानकारी के अनुसार कुल 295 मरीजों का पंजीकरण किया गया. इनमें रक्तचाप की जांच 24, शुगर 24, ओरल कैंसर जांच 24, लैब टेस्ट 106 तथा शिशु स्वास्थ्य जांच 8 की गई. मौके पर चिकित्सक अलीशा टोप्पो, डॉ सुरेंद्र कुमार, सविता कुमारी, एमपीडब्ल्यू गुलाम कुरैशी, दीपांशु कुमार, अरुण कुमार समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की टीम मौजूद रही.


पूर्व रेलवे

ई-नीलामी सूचना

दिनांक : 22.08.2025

www.ireps.gov.in

नीलामी प्रारंभ तिथि एवं समय: 08.09.2025, 11:00 बजे

www.ireps.gov.in

(ASN-144/2025-26)

www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in

@EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## सुहागिनों ने रखा उपवास, पति की लंबी उम्र के लिए पूजा-अर्चना की



**शुभम संदेश । गुमला**

गुमला जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचल में मंगलवार को श्रद्धा और भक्ति के साथ हरितालिका तीज व्रत मनाया गया. सनातन धर्म की सुहागिन महिलाओं ने इस अवसर पर निर्जला उपवास रखकर भगवान भोलेनाथ की पूजा की और पति के सुख, शांति, समृद्धि व दीर्घायु जीवन की कामना की.

यह व्रत भाद्रपद शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को होता है. इस दिन महिलाएं दुल्हन की तरह सोलह श्रृंगार करती हैं और घरों व मंदिरों में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच शिव-पार्वती की पूजा करती हैं. इस पूजा में विशेष रूप से छेना या सूजी से बना पेड़ोकिया भगवान शिव को अर्पित किया जाता है.

गुमला के पालकोट रोड स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में आचार्य कमलेश मिश्रा के नेतृत्व में सामूहिक पूजा का आयोजन हुआ. वहीं शक्ति मंदिर, श्री सर्वेश्वरी मंदिर और दुंदुरिया संकट मोचन मंदिर सहित अन्य ग्रामीण मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी. पूजा के दौरान पुरोहितों ने हरितालिका व्रत कथा सुनाई, जिसमें पार्वती द्वारा शिव को पाने के लिए किए गए कठोर तप का वर्णन था. अंत में महिलाओं ने एक-दूसरे की मांग में सिंदूर भरा और आंचल भरकर आशीर्वाद लिया. पूरे क्षेत्र में व्रत को लेकर गहरी आस्था और भक्ति का माहौल देखने को मिला.

### सिमडेगा पुलिस का ऑपरेशन 'रेड हंट' सफल

## 10 स्थायी वारंटी वर्षों बाद गिरफ्तार



**शुभम संदेश । सिमडेगा**

सिमडेगा पुलिस ने "ऑपरेशन रेड हंट" के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए वर्षों से फरार 10 स्थायी (लाल) वारंटियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है. ये आरोपी 12 से 38 वर्षों से न्यायालय और कानून से बचते फिर रहे थे.

अभियान के तहत अलग-अलग थाना क्षेत्रों में छापेमारी की गई, जिसमें कई जिलों में जाकर भी आरोपियों को दबोचा गया. सिमडेगा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किए गए वारंटी- अमित कुमार बाड़ा (14 वर्ष से फरार, छेड़छाड़ मामला), लिबनुस सोरेंग (21 वर्ष, वाहन दुर्घटना). असारू सिंह (12 वर्ष, एक्सीडेंट केस). बानो थाना क्षेत्र - जुनुल कन्डूलना (32 वर्ष, गैरइरादतन हत्या). मुकुंद महतो उर्फ संजय महतो (17 वर्ष, लूट व रंगदारी). जलडेगा थाना- कन्दरू सिंह (13 वर्ष, हत्या). मो. नौसाद खां (21 वर्ष, आर्म्स एक्ट व मारपीट). टीटांगर थाना- भीमसेन्ट लोहरा (23 वर्ष, गृह भेदन). महाबुआंग थाना- पावल गुड़िया (29 वर्ष, दुष्कर्म). ओड़गा ओपी- जोहन मुण्डा (38 वर्ष, लूट). सभी आरोपी या तो अपने घरों में छिपे थे या दूसरे जिलों में फरारी जीवन जी रहे थे. सिमडेगा पुलिस की सुनियोजित छापेमारी से इन सभी को गिरफ्तार कर लिया गया. पुलिस अधीक्षक ने टीम की सराहना की और कहा कि ऐसे फरार अपराधियों पर आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी.

### सुखदेव भगत की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक:

# योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने का दिया निर्देश



**शुभम संदेश । गुमला**

मंगलवार को गुमला समाहरणालय सभागार में सांसद एवं अध्यक्ष सुखदेव भगत की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक संपन्न हुई. इस दौरान सांसद ने जिले में चल रही विभिन्न विकास योजनाओं की विभागवार समीक्षा की और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी योजनाओं को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और ईमानदारी के साथ पूरा किया जाए. उन्होंने कहा कि योजना के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी.

बैठक में पेयजल विभाग की समीक्षा करते हुए सांसद ने कहा कि पानी जनता की पहली प्राथमिकता है. जलापूर्ति में आने वाली समस्याओं को तत्काल ठीक करने के निर्देश दिए गए. बिजली विभाग के संदर्भ में जनप्रतिनिधियों ने बिना सूचना बिजली कटौती और अवैध वसूली की शिकायत की, जिस पर सांसद ने जांच के आदेश दिए. पीएम आवास योजना के पूर्ण होने पर पौधारोपण कराने पर भी जोर दिया गया.

महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए सांसद ने रागी मिशन की मार्केटिंग और ब्रांडिंग को सशक्त बनाने की बात कही. वहीं, हल्की वर्षा में टूट रही सड़कों, पुलों और पुलियों के विषय में सांसद ने नाराजगी व्यक्त करते हुए छोटे-मोटे मरम्मत कार्यों के लिए सांसद निधि का उपयोग करने के निर्देश दिए. एनएचएआई की समीक्षा में अधूरे कार्यों और जल जमाव की समस्या पर भी कड़ी नाराजगी जताई गई और सुधार के आदेश दिए गए. एनएचएआई के पीडी की बैठक में अनुपस्थिति और झूठे प्रतिवेदन पर जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए.

कृषि विभाग की समीक्षा में सांसद ने कृषि पाठशाला की प्रगति की जानकारी ली और खनन प्रभावित क्षेत्रों में मिट्टी की जांच तथा सुधारात्मक वृक्षारोपण पर विशेष ध्यान देने को कहा. नगर परिषद क्षेत्र की समस्याओं जैसे सड़क, ड्रेनेज, ट्रैफिक प्रबंधन, बस स्टैंड स्थानांतरण और सौंदर्यीकरण के लिए त्वरित कार्रवाई करने का आदेश दिया गया.

सदर अस्पताल में अवैध वसूली की शिकायत मिलने पर सांसद ने तुरंत जांच के निर्देश दिए. विद्यालयों में तड़ित चालक लगाने और मदरसा मरम्मत के मुद्दे भी बैठक में उठाए गए. इसके अलावा, सिसई स्थित ट्राइबल म्यूजियम और अन्य पर्यटन स्थलों को जिले के पर्यटन मानचित्र में शामिल करने, तथा सिरासी ता सी नाले को पर्यटकीय सूची में बी ग्रेड में शामिल करने के प्रस्ताव भी रखे गए.

बैठक में उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित, पुलिस अधीक्षक हरीश बीन जमा, उप विकास आयुक्त, जिला परिषद अध्यक्ष, वन प्रमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि एवं दिशा के सदस्य मौजूद थे. सांसद ने सभी अधिकारियों को ईमानदारी से कार्य करने और योजनाओं को प्रभावी बनाने का आवाहन किया.

## पूर्व सीसीएल कर्मचारी के निधन पर शोक की लहर

**पिपरवार ।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के पूर्व सीसीएल कर्मचारी एंव पिपरवार क्षेत्र के पत्रकार बिपिन कुमार नायक के चाचा 65 वर्षीय रामलखन नायक का मंगलवार की सुबह निधन हो गया.बताया गया कि वह पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे और रांची के जगरन्नाथ अस्पताल मे उनका ईलाज चल रहा था,जहां ईलाज के दौरान उनका निधन हो गया. मंगलवार को ही उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव चतरा जिला के टंडवा मे किया गया. उनके अंतिम संस्कार में काफी संख्या में लोग शामिल हुए.इधर उनके निधन पर पिपरवार क्षेत्र के कई लोगों ने शोक प्रकट किया है.साथ ही उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है. शोक प्रकट करने वालों में कासिम उर्फ मुन्ना, नागेश्वर महतो, मोहम्मद ताज, राजीव रंजन, अब्दुल कुदूस, शोऐब उर्फ गोल्डेन, रौशन कुमार गुप्ता,दीपक ओझा,मन्जुर आलम सहित स्थानीय पत्रकारो मे अशोक सिंह,मासुम अंसारी, जयप्रकाश साहा,नरेश चौरसिया.

## 10 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो गिरफ्तार

**गुमला ।** गुमला थाना अंतर्गत टोटो बीट की पुलिस ने ब्राउन शुगर के खरीद बिक्री में शामिल सहनवाज आलम उर्फ राजा और राजा प्रजापति को टोटो से गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से पुलिस ने दस ग्राम ब्राउन शुगर, 9970 रुपये नगद, एक वेट मशीन और दो मोबाइल जब्त किया है. प्रेस कांफ्रेंस में एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने बताया कि टोटो के हरिजन मुहल्ला स्थित राजा प्रजापति के घर में ब्राउन शुगर के खरीद बिक्री की पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी. पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गुमला थाना प्रभारी महेंद्र कुमार करमाली ने टोटो बीट की पुलिस के साथ राजा प्रतापति के घर की घेराबंदी की. पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहे दो युवकों को जवानों ने धर दबोचा और पूछताछ की गई. उनके निशानदेही पर राजा प्रजापति के घर से 32 पुड़िया ब्राउन शुगर, वेट मशीन बरामद किया.

### आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बड़ा कदम, रक्षा सेक्टर में भागीदारी बढ़ाने का सुनहरा अवसर

## ईस्ट टेक-2025 से झारखंड की तकदीर बदलने का प्रयास : संजय सेठ

**शुभम संदेश । रांची**

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि ईस्ट टेक-2025 झारखंड के लिए एक ऐसा मंच है, जिससे राज्य की तकदीर बदल सकती है. उन्होंने कहा कि इस आयोजन से झारखंड के एमएसएमई, स्टार्टअप्स और उद्यमियों को रक्षा क्षेत्र में अपनी भागीदारी निभाने का एक सुनहरा मौका मिलेगा. वे मंगलवार को दीपाटोली स्थित केरकेट्टा ऑडिटोरियम में आयोजित संगोष्ठी ₹ईस्ट टेक-2025ः आत्मनिर्भर से संपूर्णता₹ को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे. कार्यक्रम का आयोजन एसआईडीएम और सीआईआई झारखंड के संयुक्त तत्वावधान में किया गया. सेठ ने कहा कि केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के मार्गदर्शन में यह पहल झारखंड को आत्मनिर्भर भारत के अभियान से जोड़ने का प्रयास है. उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के आत्मनिर्भर भारत और रक्षा मंत्रालय को आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प को साकार करने में यह आयोजन सहायक होगा. मौके पर उन्होंने ईस्ट टेक-2025 के लोगो का अनावरण भी किया.रक्षा राज्य मंत्री ने जानकारी दी कि भारत वर्तमान में 92 देशों को रक्षा सामग्री का निर्यात कर रहा है, जिसकी कुल राशि 23,000 करोड़ रुपये से अधिक है. अब लक्ष्य है कि इसे 50,000 करोड़ रुपये तक पहुंचाया जाए, जिसमें झारखंड के उद्यमियों की भागीदारी महत्वपूर्ण होगी. संगोष्ठी में ईस्टर्न कमांड के मेजर जनरल मदनराज पांडे ने कहा कि ईस्ट टेक से रक्षा क्षेत्र को नई दिशा मिलेगी और जरूरतों को पूरा करने में यह एक्सपो मददगार साबित होगा. वहीं मेजर जनरल सज्जन सिंह मान ने कहा कि ईस्ट टेक सेना और उद्योगों के बीच सहयोग को बढ़ावा देगा. उन्होंने कहा कि रक्षा क्षेत्र में नई तकनीक और इनोवेशन की जरूरत है, और इस आयोजन से झारखंड के एमएसएमई को बड़ा अवसर मिलेगा. एसआईडीएम के अशोक कानोडिया, सीआईआई पूर्वी क्षेत्र के चेयरमैन संजय सबरपाल, ब्रिगेडियर आशीष भट्टाचार्य और पूर्व सांसद महेश पोद्दार समेत कई वक्ताओं ने रक्षा क्षेत्र में झारखंड की भूमिका को लेकर सकारात्मक विचार रखे. कार्यक्रम में झारखंड चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी, जेसिया सचिव शिवम सिंह, लघु उद्योग भारती के विनोद अग्रवाल, सिंहभूम चैंबर के विजय आनंद सहित कई उद्योग प्रतिनिधियों ने ईस्ट टेक को झारखंड के लिए लाभकारी बताया. धन्यवाद ज्ञापन ब्रिगेडियर राजकुमार ने किया.



संजय सेठ को सम्मानित करते सेना के अधिकारी.

### लोहरदगा

### उपायुक्त डॉ. ताराचंद की अध्यक्षता में विकास समन्वय समिति की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा

# विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश

**शुभम संदेश । लोहरदगा**



लोहरदगा समाहरणालय सभाकक्ष में मंगलवार को उपायुक्त डॉ. ताराचंद की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय समिति की बैठक आयोजित हुई. बैठक में जिले के सभी तकनीकी एवं गैर-तकनीकी पदाधिकारी शामिल हुए. उपायुक्त ने सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने तथा योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने का निर्देश दिया.

**तकनीकी विभागों को दिए गए निर्देशों में-**

- पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को हर घर नल योजना का सर्टिफिकेशन पूरा कर जलकर समिति गठन और कर संग्रहण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया.
- किस्को व पेशरार प्रखंडों के जलवंचित परिवारों के लिए योजनाएं लाने और आंगनबाड़ी केंद्रों व विद्यालयों को नजदीकी पाइपलाइन से जोड़ने के निर्देश दिए गए.
- ग्रामीण कार्य विभाग और पथ प्रमंडल को जर्जर पथों की पहचान कर मरम्मत की अनुशंसा करने और भवन प्रमंडल को निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्रों को शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश मिला.
- बिजली विभाग को आंगनबाड़ी केंद्रों व स्कूलों में बिजली कनेक्शन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए.

गैर-तकनीकी विभागों के लिए-

- आवास योजना से जुड़े अधिकारियों को लंबित आवासों को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया गया.
- सांसद आदर्श ग्राम योजना की प्रगति में तेजी लाने और एग्री स्मार्ट विलेज की नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए गए.
- फसल बीमा योजना में अधिक से अधिक किसानों का निबंधन सुनिश्चित करने और आपदा प्रबंधन पदाधिकारी को विभिन्न आपदाओं से प्रभावित लोगों का डाटा संकलन कर सहायता की प्रक्रिया आरंभ करने का निर्देश दिया गया. स्वास्थ्य विभाग को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में ज्यादा मरीजों की भर्ती सुनिश्चित कर झोलाछाप चिकित्सकों से बचाने, एवं ज़रूरत पड़ने पर तीन दिन के भीतर मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के लाभ का निर्देश दिया गया. सिविल सर्जन डॉ. राजू कच्छप को झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश मिला.

अन्य विभागों के लिए-

- जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को जर्जर आंगनबाड़ी केंद्रों की मरम्मत का प्राक्कलन बनाने का निर्देश मिला.
- जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को बाईपास योजना से संबंधित रैयतों का भुगतान शीघ्र पूरा करने को कहा गया.
- शिक्षा विभाग को जर्जर स्कूलों की मरम्मती, विद्युत व पेयजल सुविधा के लिए प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया गया.
- खेल पदाधिकारी को कला भवन, मेगा स्पोर्ट्स स्टेडियम के लिए भूमि चिन्हित करने और ललित नारायण स्टेडियम के जीर्णोद्धार में तेजी लाने के निर्देश दिए गए. बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, विकास शाखा के प्रभारी अभिनीत सूरज, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, पीपीआई फेलो एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे.

## लोहरदगा : पंचायत स्तर पर कांग्रेस के सशक्तीकरण पर जोर

**लोहरदगा/कुड़ू ।** झारखंड कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के. राजू अपने छह दिवसीय प्रवास के दौरान लोहरदगा जिले के कुड़ू प्रखंड स्थित ककरगढ़ और ओपा गांव (सुंदरू पंचायत) पहुंचे. यहां उन्होंने प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव के आवास पर आयोजित पंचायत स्तरीय बैठक में भाग लिया और स्थानीय प्रतिनिधियों से सीधा संवाद किया. बैठक में सुंदरू पंचायत अध्यक्ष और 12 सदस्यीय समिति के साथ बातचीत करते हुए प्रभारी ने पंचायत स्तर पर संगठन की मजबूती, जमीनी मुद्दे और कांग्रेस की भूमिका पर चर्चा की. इस दौरान ढोल-नगाड़े और छऊ नृत्य के साथ पारंपरिक झारखंडी रीति से सखुआ पत्ता की टोपी और माला पहना कर अतिथियों का स्वागत किया गया. प्रभारी के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व मंत्री बंधू तिर्की, प्रभारी बेला प्रसाद, महासचिव आलोक कुमार दुबे,

## एक नजर

### संपूर्णता अभियान में उत्कृष्ट कार्य के लिए लोहरदगा में अधिकारियों और कर्मियों को किया गया सम्मानित



**लोहरदगा ।** जुलाई और अगस्त माह में संपूर्णता अभियान के सफल क्रियान्वयन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पदाधिकारियों और कर्मियों को उपायुक्त डॉ. ताराचंद ने मंगलवार को सम्मानित किया. समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में अधिकारियों को मेडल, स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया. आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम अंतर्गत प्रखंड किस्को के सभी पाँच सूचकांकों में ओवरऑल अच्छादन के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण उरांव को सम्मानित किया गया.

### भारतीय सफाई मजदूर संघ की बैठक 7 सितंबर को

**गुमला ।** अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ ने सिविल सर्जन डॉक्टर शंभूनाथ चौधरी को ज्ञापन सौंपकर सात सितंबर को 12 बजे सफाई कर्मियों व अनुबंध कर्मियों ने बैठक करने की जानकारी दी है. यह जानकारी देते हुए जिला अध्यक्ष जयपाल महली ने कहा कि बैठक बस स्टैंड स्थित सिद्धि विनायक होटल के सभागार में होगी.

### नवोदय विद्यालय कोलेबिरा में विज्ञान दिवस पर रैली



**सिमडेगा ।** सिमडेगा के पीएम श्री नवोदय विद्यालय कोलेबिरा में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विज्ञान के प्रति जागरूकता बढ़ाने और लोगों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के लिए रैली निकाली गई. कक्षा 7 और 8 के छात्र-छात्राओं ने स्काउट एंड गाइड के साथ मिलकर यह संदेश दिया कि विज्ञान ने हमारे जीवन को सरल और सुगम बना दिया है. इस मौके पर अनु गुप्ता (टीजीटी साइंस) और संगीत शिक्षक नवीन कुमार मिश्रा ने रैली का नेतृत्व किया. कार्यक्रम का उद्देश्य विज्ञान के प्रति समाज में ज्ञान और रुचि बढ़ाना था, ताकि देश विज्ञान और प्रगति के पथ पर आगे बढ़ता रहे.

### अशोक परियोजना में प्रबंधन और विस्थापित ग्रामीणों की बैठक, 21 सूत्री मांगों पर चर्चा



**पिपरवार ।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के अशोक परियोजना कार्यालय में मंगलवार को प्रबंधन और न्यू बिजैन के विस्थापित ग्रामीणों के बीच बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता परियोजना पदाधिकारी जितेंद्र कुमार सिंह ने की. इस बैठक में विस्थापित ग्रामीणों द्वारा सौंपे गए 21 सूत्री मांग पत्र पर विस्तार से चर्चा हुई. परियोजना पदाधिकारी जितेंद्र कुमार सिंह ने बैठक में पांच प्रमुख मांगों को तत्काल पूरा करने का भरोसा दिया, जबकि बाकी मांगों को पूरा करने के लिए समय लेने की बात कही. उन्होंने बताया कि ये मांगें क्षेत्रीय स्तर से लेकर मुख्यालय तक पहुंचाई जाएंगी और पूरा करने का प्रयास किया जाएगा. ज्ञात हो कि विस्थापित ग्रामीणों ने 25 अगस्त को अशोक परियोजना कोयला खदान में कोयला खनन और ट्रांसपोटिंग का काम रोक दिया था. बाद में देर रात परियोजना पदाधिकारी जितेंद्र कुमार सिंह और खान प्रबंधक दिलीप कुमार आनंद ने ग्रामीणों से वार्ता कर मांगों को लेकर आश्वासन दिया, जिसके बाद ग्रामीणों ने काम बंद करने की कार्रवाई स्थगित कर दी थी. बैठक में परियोजना पदाधिकारी जितेंद्र कुमार सिंह, खान प्रबंधक दिलीप कुमार आनंद, असैनिक विभाग के परियोजना अभियंता आभाष त्रिपाठी के साथ-साथ विस्थापित ग्रामीणों में रंथू गंझू, कुलदीप राम, फकीरा गंझू, बाबूलाल राम, पच्चु गंझू, सुरेंद्र राम, राहुल राम, झरी राम, सोनू कुमार गुप्ता और कर्मा गंझू सहित कई लोग मौजूद थे. बैठक में मांगों को शीघ्र पूरा करने पर सहमति बनी.

### जोनल खेलकूद प्रतियोगिता में डीएवी बचरा के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन, दो को स्वर्ण पदक



**पिपरवार ।** डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा के छात्र-छात्राओं ने जोनल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया है. यह प्रतियोगिता रांची के विभिन्न डीएवी स्कूलों बोकारो, अग्रसेन, रजरप्पा और कोयलानगर में आयोजित की गई थी. प्रतियोगिता में वेट लिफ्टिंग में अभिनव आनंद झा और बॉक्सिंग में निशांत कुमार ने स्वर्ण पदक जीतकर कोयलांचल क्षेत्र का गौरव बढ़ाया. वहीं, बैडमिंटन में प्रियांशु तिवारी और रस्सी कूद में विद्या राज ने रजत पदक अर्जित किया. स्वर्ण पदक विजेता अभिनव और निशांत अब दिल्ली में होने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे. इस उपलब्धि पर स्कूल की प्राचार्या डॉ. आर. चौधरी और शिक्षकों ने छात्रों को बधाई दी और भविष्य में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं. विद्यालय परिवार ने आशा जताई कि ये प्रतिभाशाली खिलाड़ी राज्य और देश का नाम भी रोशन करेंगे.

### सिमडेगा जिले के सभी प्रखंड एवं अंचल कार्यालयों में जनता दरबार का आयोजन




**सिमडेगा ।** उपायुक्त सिमडेगा के दिशा-निर्देशन में मंगलवार को जिले के सभी प्रखंड एवं अंचल कार्यालयों में जनता दरबार का आयोजन किया गया. इस दौरान बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने अपनी समस्याओं और शिकायतों को अधिकारियों के समक्ष रखा. जनता दरबार में भूमि संबंधी विवाद, पेंशन, राशन कार्ड, आवास, बिजली, सड़क एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुईं. इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी ने लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया. शेष मामलों के त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए. जनता दरबार का उद्देश्य आमजन की शिकायतों का समयबद्ध निवारण करना और शासन को जनता की दहलीज तक पहुँचाना है. मौके पर प्रखंड के अन्य कर्मी गण उपस्थित थे.

